Regarding National Highway issue

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन) **:** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं अपने क्षेत्र की एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या का बार-बार निवेदन करता आया हूं और आज भी आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी जी से निवेदन करता हूं कि भारतमाला से जावरा, नागदा, उन्हेल, उज्जैन होते हुए पीथमपुर को नेशनल हाइवे किया जाए, क्योंकि मैं आज यहां सदन में बात कर रहा हूं, लेकिन वहां पर सौ प्रतिशत कोई न कोई एक्सीडेंट से मृत्यु हो रही होगी ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से निवेदन है कि इसको नेशनल हाइवे घोषित किया जाए । हमारे यहां उज्जैन में कहा जाता है कि ?अकाल मृत्यु वह मरे, जो काम करे चाण्डाल का, काल भी उसका क्या करे, जो भक्त हो महाकाल का ।?

मेरा आपसे निवेदन है कि इसको नेशनल हाइवे किया जाए ।